पालिका प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए

छबड़ा (निसं)। नगर पालिका के वार्ड नंबर 15 में बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर पार्षद आयाजुल हक फारूकी ने नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। जगह-जगह नालियां टूटी पड़ी हैं और नियमित सफाई नहीं होने के कारण गंदगी फैल रही है, जिससे वार्डवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद फारूकी ने सुलभ कॉम्प्लेक्स की बदहाल स्थिति पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉम्प्लेक्स में गंदगी का अंबार लगा हुआ है और इसके दरवाजे भी टूटे पड़े हैं, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से वार्ड की नालियों की मरम्मत करवाने, नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा सुलभ कॉम्प्लेक्स की साफ-सफाई और टूटे दरवाजों को दुरुस्त करवाने की मांग की। पार्षद ने कहा कि वार्डवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना नगर पालिका की जिम्मेदारी है।

गुरुनानक जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई, प्रभात फेरी निकाली

निवाई। गुरु नानक की 557 वीं जयंती प्रकाश पर्व के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। गुरु नानक जयंती को लेकर शहर के मुख्य बाजार से प्रभात फेरी निकाली गई, जिसका सिंधु वूमेन वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने पुष्प वर्षा से स्वागत सत्कार किया। कार्तिक मास की पूर्णिमा देव दीपावली व गुरु नानक के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सिंधू अध्यक्ष ऋचा इसरानी ने बताया कि गुरु नानक जयंती दिवस सेवा, करुणा, दया एवं मानवता का संदेश देने वाला महापर्व है। इसी भावना को साकार करने के लिए सिंधू की सभी महिलाओं ने दामोदर गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया। उनका उद्देश्य है कि गुरु पूरब की खुशियों में उन बेजुबान गोवंश को भी शामिल किया जाए, जो हमारे सनातन धर्म में महादान है। गौ सेवा ही करुणा, संस्कृति व मानवता का सच्चा संदेश है। गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक जिम्मेदारी एवं मानवीय संवेदना का प्रतीक है। कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली का भव्य पर्व मनाया जाता है। सिंधू सदस्य योग्यता इसरानी ने बताया कि देव दीपावली के दिन देवता भी धरती पर आकर दीपोत्सव करते हैं, इसी उद्देश्य से देव दीपावली पर दीप जलाना प्रकाश, सकारात्मकता व शुभता का प्रतीक माना जाता है।



गुरु नानक जयंती पर आयोजित प्रभात फेरी में शामिल महिलाएं।

कोटा मेडिकल कॉलेज में होगा सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं का विस्तार : बिरला

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि कोटा मेडिकल कॉलेज को चिकित्सा सुविधाओं और व्यवस्थाओं की दृष्टि से आदर्श अस्पताल बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आने वाले एक वर्ष में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों, इस लक्ष्य के साथ व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है।

बिरला ने मंगलवार को करीब 10 करोड़ की लागत से बने 25 आइसोलेशन वार्ड एवं मेडिकल कॉलेज अस्पताल व सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक को जोड़ने के लिए बने कनेक्टिविटी कॉरिडोर के लोकार्पण समारोह को संबोधित किया। बिरला ने कहा कि हाड़ौती सहित मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में मरीज यहाँ उपचार के लिए आते हैं। कैंसर हॉस्पिटल की स्वीकृति मिल चुकी है। डीपीआर तैयार होने के बाद करीब चार माह में इसके शिलान्यास का प्रयास रहेगा। जल्द ही 120 बेड का स्पाइनल इंजरी सेंटर, 50 बेड का क्रिटिकल केयर वार्ड और 90 कॉटेज एवं क्यूबिकल वार्ड की सुविधाएँ भी उपलब्ध होंगी। अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी सेंटर विकसित करने के साथ इमरजेंसी एवं ट्रॉमा सेवाओं को भी सुदृढ़ किया जाएगा।

बिरला ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में मरीजों के परिजनों के लिए 900 बेड का रामाश्रय विकसित किया जा रहा है। यहाँ आवास के साथ मरीज के दो परिजनों को नि:शुल्क भोजन की सुविधा मिलेगी। अस्पताल में स्वच्छता, पंजीकरण, दवा वितरण और मरीजों की देखभाल से जुड़ी व्यवस्थाओं में भी व्यापक सुधार किया जाएगा। बिरला ने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति को देश के किसी भी अस्पताल में उपचार की आवश्यकता होगी तो उसकी हरसंभव सहायता की जाएगी।

विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि कोटा मेडिकल कॉलेज में कनेक्टिंग कॉरिडोर और आइसोलेशन वार्ड जैसी सुविधाओं से मरीजों और चिकित्सकों को काफी राहत मिलेगी। सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक और न्यू हॉस्पिटल के बीच कॉरिडोर बनने से गंभीर मरीजों को जांच और उपचार के लिए एक जगह से दूसरी जगह ले जाना आसान होगा। उन्होंने चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार जताया।

शर्मा ने कहा कि रामाश्रय भवन से मरीजों के परिजनों को ठहरने की सुविधा मिलेगी। शर्मा ने कहा कि कैंसर यूनिट की घोषणा के बाद इसके शुरू होने में देरी हो रही थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से इसके लिए वित्तीय स्वीकृति भी मिल गई है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। इस दौरान महापौर अनुसुइया गोस्वामी, उप महापौर विवेक राजवंशी, जिला कलेक्टर पीयूष समारिया, प्रिंसिपल डॉ. नीलेश जैन, चिकित्सकगण व गणमान्य मौजूद रहे।

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा द्वारा)
ई–निविदा नोटिस संख्या.–2026-24RT-CCTV दिनाँक: 21.11.2026
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबन्धक, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **01. कार्य का नाम व स्थान** : Supply, installation & Commissioning of CCTV system with a warranty period of 03 years at Carriage Repair Workshop, Jodhpur, North Western Railway **02. कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 2218836 (रु. बाईस लाख अठारह हज़ार आठ सौ छत्तीस मात्र) **03. बयाना राशि जो जमा करनी है** : रु. 44400 (रु. चौंतालीस हज़ार चार सौ मात्र) **04. ई–निविदा जमा करने की अन्तिम दिनांक व समय तथा ई–निविदा खोलने की दिनांक व समय** : 14.12.2026 को 15:00 बजे तक तथा 14.12.2026 को 15:00 बजे के बाद **05. वेबसाइट विवरण जहां से ई–निविदा सम्बन्धित पूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकता है** : www.ireps.gov.in डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू. आईरपीएस.जीओवी.आईएन **06. कार्यालय का पता जहां से निविदा जारी की गयी** : मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर–342001 राजस्थान 1670-CQ/26
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कोटा स्टेशन पर 22 दिनों में1032 मामलों में 6.97 लाख का जुर्माना

कोटा, (निसं)। रेलवे स्टेशन पर जन विश्वास अधिनियम के प्रावधानों के तहत रेलवे नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। 01 से 22 नवंबर के दौरान विभिन्न विभागों ने कुल 1032 मामलों में 6,97,345 रुपये का जुर्माना लगाया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि इस अवधि में वाणिज्य विभाग ने 715 मामलों में 5,09,845 रुपये, रेलवे सुरक्षा बल ने 301 मामलों में 1,71,500 रुपये तथा मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने 16 मामलों में 16,000 रुपये का जुर्माना लगाया।

- विभिन्न विभागों ने कुल 1032 मामलों में 6,97,345 रुपये का जुर्माना लगाया।

यात्रियों में नियमों के प्रति जागरूकता के लिए जन विश्वास अधिनियम के तहत विभिन्न उल्लंघनों पर निर्धारित अर्थदंड की जानकारी भी महत्वपूर्ण है। बिना टिकट अथवा निर्धारित दूरी से अधिक यात्रा पर न्यूनतम 500 रुपये, ट्रेन या स्टेशन परिसर में धूम्रपान पर 2,000 रुपये, नशे की हालत में अभद्र व्यवहार पर 1,000 रुपये, महिला आरक्षित डिब्बे अथवा बर्थ में अनधिकृत प्रवेश किया।

अष्टान्हिका महापर्व पर पंचमेरु नन्दीश्वर मण्डल विधान का आयोजन

सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में अष्टान्हिका महापर्व के उपलक्ष्य में पंचमेरु नन्दीश्वर मण्डल विधान का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक पूजा-अर्चना की। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा व विमल जौला ने बताया कि पण्डित सुरेश शास्त्री के निर्देशन में अष्टान्हिका महापर्व के चलते बड़ा जैन मंदिर सहित शहर के सभी जिनालयों में धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भगवान आदिनाथ, भगवान चंद्र प्रभु, भगवान पार्श्वनाथ की विधिवत मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक करके शांतिधारा की गई। विधान मण्डल में सौधर्म इन्द्र लालचंद जैन, ज्ञानचंद सोगानी, महावीरप्रसाद छाबड़ा, अनिल सोगानी, अतुल ठोलिया, शकुंतला छाबड़ा, अंजना ठोलिया, ज्ञानेश्वरी पहाड़ी, प्रेमा कासलीवाल, नीलू जैन, मेना सोगानी व चमेली देवी जैन सहित सभी इन्द्र इन्द्राणियों ने देव शास्त्र, गुरु पूजन, भगवान आदिनाथ, चन्द्रप्रभु, पार्श्वनाथ एवं पंचमेरु नन्दीश्वर मण्डल विधान की संगीत के साथ पूजा अर्चना की। राकेश संधी ने बताया।



अष्टान्हिका महापर्व पर पंचमेरु नन्दीश्वर मण्डल विधान में पूजा-अर्चना करते हुए श्रद्धालु।

चंबल व ब्राह्मणी नदी में दीपदान

रावतभाटा (निसं)। रावतभाटा उपखंड क्षेत्र के नगर एवं ग्रामीण अंचल में मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धा और आस्था का माहौल देखने को मिला। कार्तिक मास के समापन तथा कार्तिक स्नान पूर्ण होने के साथ ही पूरे माह व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं, महिलाओं और बालिकाओं ने चंबल तथा ब्राह्मणी नदी में दीपदान कर अपने व्रतों का विधिवत उद्यापन किया।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,
जे. एल. एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर -0141-4901853
क्रमांक: 3854 **आम जाहिर सूचना** दिनांक: 23.11.26
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा विकसित आवासीय भूखण्ड संख्या-6/H/87 इंदिरा गाँधी नगर (जगतपुरा), जयपुर, क्षेत्रफल 236.25 वर्ग मीटर का आवंटन श्री प्रभात पुत्र स्वo श्री बिरदा के पक्ष में जारी किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 3377 दिनांक 24/02/2007 जारी किया गया था। उक्त आवंटन पत्र अपंजीकृत है।
खातेदार श्री प्रभात पुत्र स्व. श्री बिरदा के द्वारा उक्त भूखण्ड का मुख्तयारनामाआम श्री करण सिंह तंवर पुत्र श्री उमेद सिंह को नियुक्त किया गया। उक्त मुख्त्यारनामाआम को नोटरी पब्लिक श्री ईश्वर शर्मा, जयपुर से सत्यापित (तस्दीक) करवाया गया तथा जिसके पेटे पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क कार्यालय उप पंजीयक-प्रथम, जयपुर में दिनांक 03.07.2007 को रसीद संख्या 2007051008207 द्वारा जमा करवाया गया।
तत्पश्चात मुख्तयारनामाआम धारक श्री करण सिंह तंवर पुत्र श्री उमेद सिंह के द्वारा उक्त विकसित भूखण्ड का बेचान जरीये विक्रय पत्र श्रीमती संगीता गाँधी पत्नी श्री महेन्द्र गाँधी को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक-प्रथम, जयपुर में दिनांक 03/07/2007 को करवाया गया।
श्रीमती संगीता गाँधी पत्नी श्री महेन्द्र गाँधी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रशासनिक शुल्क जमा की रसीद की प्रति, अण्डरटेकिंग, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छाया प्रति, नोटरी सत्यापित मूल मुख्तयारनामा आम खो जाने के संबंध में पुलिस थाने में दर्ज FIR रिपोर्ट व समाचार पत्र विज्ञप्ति की छायाप्रति तथा स्वयं एवं गवाह के पहचान पत्र की प्रति प्रस्तुत कर उक्त विकसित आवासीय भूखण्ड का नवीन पट्टा अपने पक्ष में जारी करवाने हेतु आवेदन किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ती हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के **07 दिवस** में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता **श्रीमती संगीता गाँधी पत्नी श्री महेन्द्र गाँधी** का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर उनके पक्ष में उक्त भूखण्ड का नवीन पट्टा जारी करने की कार्यवही कर दी जायेगी।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत तृतीय, रा.आ.म., जयपुर

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनूसूची संख्यांक 4
न्यायालय JM 4 जयपुर महानगर द्वितीय
शैलजा शर्मा विरूद्ध प्रीती
वाद/प्रार्थना पत्र.....
प्रार्थना-पत्र संख्या 175/2026 सन् नाम प्रीती पत्नी कुलदीप जाति हिन्दु पता मकान सं. 28 मंगल विहार प्रथम तल नन्दपुरी सोडाला जयपुर
उक्त वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि.....
अतः अपाको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 25 माह 11 सन् 2026 को 10.00 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो उपसंजात हो । यदि आप ऐसा करने मे असफल रहेगें तेा उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा
यह आज ता. 19 माह 11 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-4 जयपुर महानगर द्वितीय

रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ ने 51 जरूरतमंद मजदरों को कंबल बांटे

कोटा, (निसं)। समाज सेवा एवं मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा बढ़ती सर्दी को देखते हुए बोरखेड़ा क्षेत्र में कंबल वितरण सेवा प्रकल्प आयोजित किया गया। इस सेवा प्रकल्प के अंतर्गत क्षेत्र में कार्यरत जरूरतमंद मजदूरों एवं श्रमिकों को 51 कंबलों का वितरण किया गया, जिससे उन्हें सर्दी के मौसम में राहत मिल सकें। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन विनय अग्निहोत्री के नेतृत्व में यह सेवा कार्य संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम में खुले स्थानों एवं कठिन परिस्थितियों में काम करने वाले मजदूरों को विशेष रूप से ठंड का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जरूरतमंद लोगों तक कंबल पहुंचाना एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण मानवीय प्रयास है। इसी उद्देश्य से बोरखेड़ा क्षेत्र में मजदूर वर्ग को चिन्हित कर कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण गुप्ता ने कहा कि रोटरी केवल एक सामाजिक संस्था नहीं, बल्कि सेवा, सहयोग और मानवता के मूल्यों पर आधारित एक परिवार है।

वार्षिक मेला एवं भंडारा श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित

शाहपुरा। पिपलोद ग्राम पंचायत के चतरपुरा गांव में अमरी सती माता का वार्षिक मेला एवं भंडारा श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित हुआ। कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और माता के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। समाजसेवी सुभाष पोसवाल एवं सरपंच अर्जुनलाल सराधना ने बताया कि अमरी सती माता का वार्षिक मेला एवं भंडारा प्रत्येक वर्ष कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा को आयोजित किया जाता है। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह रहता है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक नेहड़ा कार्यक्रम में कृष्ण कसाना एंड पार्टी ने शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिसने उपस्थित दर्शकों को झूमने और नाचने पर मजबूर कर दिया।

दोपहर में अमरी सती माता को खीर एवं मालपुए का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान श्री खोजीद्वाराचार्य रामरिछपालदास जी महाराज त्रिवेणी धाम, प्रहलाददास जी कुंडा धाम, बनारसीदास जी अवधपुरी धाम, हरिओमदास जी परमानंद धाम एवं रामदास जी नीलक धाम सहित अनेक संत-महात्माओं ने कार्यक्रम में पहुंचकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।

प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों को संत श्री बनारसीदास जी एवं सरपंच अर्जुनलाल सराधना सहित अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण छाजूराम सराधना चतरपुरा की ओर से किया गया।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 235/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री जगदीश प्रसाद पुत्र श्री खेमराम निवासी खेमराम रोड के पास गोपिपुरा वार्ड नं. 12 कोटपूतली जिला कोटपूतली-बहरोड राजस्थान ने सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत बंजारा समाज विकास समिति कोटपूतली-बहरोड राज के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 16.11.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 28.01.27
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

विवादकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय JM जयपुर महानगर द्वितीय
शैलजा शर्मा विरूद्ध प्रीती
वाद बाबत दावा
वाद संख्या 157 सन् 2026
वनाम प्रीती पत्नी कुलदीप जाति हिन्दु स्थान मकान सं.28 मंगल विहार प्रथम तल नन्दपुरी सोडाला जयपुर वादी ने आपके विरूद्ध.... के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 25 माह 11 सन् 2026 को दिन में 10.30 बजें दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो ओर जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपकों यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें ओर उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जें में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। ओर यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावें के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय मै उपंसजात नही होगे तो वाद की सुनवाई ओर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 19 माह 11 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से ओर न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-4 जयपुर महानगर द्वितीय

रोसाकॉन का सम्मेलन 8 से

कोटा, (निसं)। चिकित्सा क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों, शोध और उपचार पद्धतियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान ऑथोपेडिक सर्जन्स एसोसिएशन का 38वां वार्षिक सम्मेलन 'रोसाकॉन-2027' आगामी 8 से 10 जनवरी 2027 तक कोटा में आयोजित किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज कोटा के अस्थि रोग विभाग की ओर से कोटा ऑथोपेडिक सोसायटी के सहयोग से आयोजित होने।

वाला यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन मुकुंदरा सरोवर प्रीमियर में होगा।

डीग में गुरूनानक का प्रकाश पर्व मनाया, प्रभात फेरी निकाली

डीग/भरतपुर, (निसं)। सिख धर्म के प्रथम गुरु, मानवता, समानता, प्रेम और विश्व बंधुत्व का संदेश देने वाले श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 557वें प्रकाश पर्व पर मंगलवार को डीग के सौघर मोहल्ला स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। त्रिदिवसीय प्रकाश पर्व आयोजनों की श्रृंखला में प्रात:काल शोभायात्रा के रूप में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें संगत ने गुरुवाणी का गुणगान करते हुए गुरु महाराज के जयकारों से संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

श्री गुरुद्वारा साहिब परिसर से प्रारंभ हुई प्रभात फेरी तेलीपाडा, लक्ष्मण मंदिर, मुख्य बाजार, घंटाघर, नई सडक, गणेश मंदिर और पुरानी अनाज मंडी होते हुए पुन: गुरुद्वारा साहिब पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर स्वल्पाहार एवं प्रसाद वितरण कर संगत की सेवा की गई। गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की संपूर्णता पर भव्य कीर्तन दरबार सजा, जहां गुरुवाणी के मधुर शबदों ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक भावधारा से सराबोर कर दिया। अरदास के पश्चात गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की खुशियां केक काटकर साझा की गईं। इस अवसर पर ग्रंथी सिंहों को सरोपा भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत-सत्कार किया गया।

दोपहर बाद गुरुद्वारा परिसर में आकर्षक रंगोली सजाई गई। सायंकाल आयोजित अटूट लंगर में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु का प्रसाद ठाहण किया। इस पावन अवसर पर हरीश अरोडा, सोमनाथ अरोडा, ज्ञान चावला, सुरेन्द्र पाल जग्गी, प्रदीप मनोचा, तथा गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष अमित अरोडा सहित बडी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई–ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना
No. Comml/E-auction/2026/39 Date 20.11.2026
उक्त के सन्दर्भ में विभिन्न गाड़ियों में एसएलआर लीजिंग एवं विज्ञापन (विनाइल रैपिंग) एवं विभिन्न स्टेशनों पर MSS-Misc Static Services / विज्ञापन (OOH/RDN)/पे एंड यूज/रिटायरिंग रूम/वेटिंग रूम/पार्किंग/ATM के ठेके हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलॉग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किए जा चुके हैं।

1.	कार्य का नाम	(1)	जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं विभिन्न गाड़ियों पर विज्ञापन (OOH, RDN & Vinyl) के ठेके हेतु ई–ऑक्शन
		(2)	जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पे एंड यूज के ठेके हेतु ई–ऑक्शन
		(3)	जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर MSS- Misc Static Services & ATM के ठेके हेतु आदि का ई–ऑक्शन
		(4)	जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग के ठेके हेतु ई–ऑक्शन
		(5)	जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर Catering & MPS के ठेके हेतु ई–ऑक्शन
		(6)	जोधपुर मंडल की विभिन्न गाड़ियों में एसएलआर लीजिंग के ठेके हेतु आदि का ई–ऑक्शन
2.	कार्य की अवधि	(1)	विज्ञापन (OOH/RDN): 3 वर्ष
		(2)	पार्किंग: 3 वर्ष
		(3)	विज्ञापन (Vinyl): 3 वर्ष
		(4)	लीजिंग: 03 वर्ष
		(5)	Pay and Use: 03 वर्ष
		(6)	ATM: 03 वर्ष
		(7)	MSS- Misc Static Services: 3 वर्ष
	लॉट के ई–ऑक्शन प्रारंरभ की तिथि व समय	(1)	Advertisement (Vinyl): (1) 12462-61-VB-SDG दिनांक 02.12.26 को 14:00 बजे से
		(2)	Advertisemenet (OOH): (1) OOH-JOR-26-29 दिनांक 07.12.26 को 15: 00 बजे से
		(3)	Advertisement (RDN): (1) RDN-ND-JU-28 दिनांक 01.12.26 को 11:00 बजे से
		(4)	Parcel leasing: (1) Parcel-JU-151 दिनांक 04.12.26 को 12:00 बजे से (2) Parcel-JU-152 दिनांक 07.12.26 को 11:00 बजे से
		(5)	MSS-Misc Static Services: (1) Locker-DSO26-10 दिनांक 01.12.26 को 13:00 बजे से (2) MSS-JSM-Kiosk14 दिनांक 04.12.26 को 11:00 बजे से
		(6)	Pay and Use: (1) PnU-JU-26-25 दिनांक 01.12.26 को 12:00 बजे से (2) WR-JU-26-24 दिनांक 02.12.26 को 12:00 बजे से (3) RR-Dormt-NGO-19 दिनांक 07.12.26 को 14:00 बजे से
		(7)	ATM: (1) ATM-DNA-26-07 दिनांक 01.12.26 को 14:00 बजे
		(8)	Parking: (1) Park-JU-26-30 दिनांक 02.12.26 को 15:00 बजे से
4	वेबसाइट जहाँ से लॉट वाइज ई–ऑक्शन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।		www.ireps.gov.in

1668-CQ/26
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

नवम हाड़ौती गौरव सम्मान समारोह का आगाज

कोटा, (निसं)। हाड़ौती अंचल की प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और उनके उल्लेखनीय योगदान को सम्मानित करने की दिशा में न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी की पहल सराहनीय है। प्रतिभाओं को सम्मानित करने से न केवल उनका उत्साह बढ़ता है, बल्कि नई पीढ़ी को भी समाज और राष्ट्र के लिए कुछ बेहतर करने की प्रेरणा मिलती हैं। यह बात राजस्थान रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं कोटा नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने कही। वे मंगलवार को नवम हाड़ौती गौरव सम्मान समारोह-2027 के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस समारोह का पोस्टर विमोचन कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम में कोटा विकास प्राधिकरण के राजस्व सलाहकार परमानंद गोयल, समाजसेवी एवं संभागीय संयोजक लोकेश शर्मा, सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति के कोषाध्यक्ष चंद्र कुमार पाठक, कार्यक्रम संयोजक केके शर्मा कमल, समिति सचिव इंजीनियर पुष्पकांत शर्मा, रामसिंह पवार, मीडिया प्रभारी हर्षित शर्मा एवं डेविस शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कोटा विकास प्राधिकरण के राजस्व सलाहकार परमानंद गोयल ने कहा कि हाड़ौती की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का यह प्रयास अन्य लोगों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। सम्मान से प्रतिभाओं का मनोबल बढ़ेगा और युवाओं में कुछ नया करने का जज्बा पैदा होगा। संभागीय संयोजक लोकेश शर्मा ने कहा कि हाड़ौती के नाम से शुरू किया गया यह सम्मान समारोह जन-जन में उत्साह का संचार करेगा। उन्होंने सोसायटी से प्रतिवर्ष इस तरह के आयोजन जारी रखने का आव्हान किया। सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति के कोषाध्यक्ष चंद्र कुमार पाठक ने कहा कि सर्वधर्म और सर्वसमाज की प्रतिभाओं को एक मंच पर लाकर सम्मानित करना सराहनीय नवाचार है। इससे समाज में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और विकास को नई दिशा मिलेगी।

स्पीकर देवनानी ने गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज मंगलवार को अजमेर के गंज स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व एवं श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के पावन अवसर पर मत्था टेककर गुरु साहिबान का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर देवनानी ने गुरु नानक देव जी के प्रेम, सद्भाव, समानता, सेवा और मानवता के संदेश को स्मरण किया। उन्होंने धर्म एवं मानव